| PUBLICATION NAME : | Readers Messenger |
|---|---|
| EDITION : | Lucknow |
| DATE : | 08/08/2023 |
| PAGE : | 03 |

# एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई) का 22वां दीक्षांत समारोह संपन्न

**रीडर्स मैसेंजर नेटवर्क**

लखनऊ। भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा %सेंटर ऑफ एक्सीलेंस% की मान्यता प्राप्त एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई), अहमदाबाद ने शुक्रवार को अपना 22वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया। समारोह में 54 विद्यार्थियों को डिप्लोमा और फेलो प्रदान किए गए, जिनमें 52 स्नातकोत्तर डिप्लोमा और प्रबंधन में दो फेलो शामिल थे। भव्य समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में तमिलनाडु के माननीय राज्यपाल श्री आरएन रवि शामिल हुए। श्री रवि ने स्नातक छात्रों को शैक्षिक पदक प्रदान किए और दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला ने माननीय राज्यपाल और अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने शिक्षा, अनुसंधान, प्रशिक्षण, एमएसएमई, नवाचार और समावेशी विकास के प्रमुख क्षेत्रों में ईडीआईआई के 40 वर्षों के काम को रेखांकित किया। डॉ. शुक्ला ने सरकारी मंत्रालयों और विभागों के साथ-साथ प्रसिद्ध कॉरपोरेट्स के सहयोग से नीति निर्माण और अनुकरणीय विकास मॉडल के क्षेत्र में ईडीआईआई की उपलब्धियों के बारे में बात की, जिनसे उद्यमों की स्थापना, राजस्व सृजन और रोजगार सृजन हुआ।मुख्य अतिथि, श्री आरएन रवि ने वर्तमान युग में मौजूद अनेक अविश्वसनीय अवसरों पर रोशनी डालते हुए स्नातक छात्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा, ÷आप ऐसे उपयुक्त समय पर ग्रेजुएट हो रहे हैं जब देश व्यापक क्रांतिकारी परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। यह युग हममें से प्रत्येक के लिए अनंत नए अवसर सामने लेकर आ रहा है। जरूरत इस बात की है कि आप अपने भाग्य का पता लगाएं और ऊंची उड़ान भरें। आज पूरा देश एक बड़ा परिवार है और देश की हर समस्या का समाधान समग्रता से किया जा रहा है। देश की विविधता ने ही हमें एक खास पहचान प्रदान की है। देश अपने युवाओं को उनकी ऊर्जा और क्षमता का दोहन करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है; यह एक ऐसा सिस्टम बना रहा है